इंजीनियरिंग कॉलेजों में सीधे प्रवेश का मौका आज से

27 से 31 अगस्त तक संस्थान पहुंचकर ले सकेंगे प्रवेश

यूटीयू से संबद्ध सरकारी एवं गैर सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में पांच दिन हो सकेंगे सीधे प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी एवं गैर सरकारी उच्च तकनीकी संस्थानों में आज मंगलवार से खाली सीटों के सापेक्ष सीधे प्रवेश लिए जाएंगे। छात्र 31 अगस्त तक ऑफलाइन मोड में काउंसलिंग के तहत प्रवेश ले सकेंगे।

तीन चरण की सामान्य और तीन चरण की स्पॉट काउंसलिंग पूरी होने के बाद संस्थानों के पास सीटें भरने का यह अंतिम मौका होगा। इसके बाद खाली रह गई सीटों की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। बता दें कि वीर माधो सिंह भंडारी गढ़वाल विश्वविद्यालय की ओर से सभी संबद्ध उच्च तकनीकी संस्थानों में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विगत 12 जून को प्रथम चरण की काउंसलिंग शुरू की गई।

इसके बाद 26 जून और फिर नौ जुलाई से तीसरे चरण की काउंसलिंग शुरू कराई गई थी। तीन चरणों की काउंसलिंग के बाद भी संस्थानों में सभी सीटें नहीं भर पाईं। इसके बाद विश्वविद्यालय ने संस्थानों में सीटें भरने के लिए तीन चरण में स्पॉट काउंसलिंग भी कराई।

जिसके तहत छात्रों को 20 से 22 अगस्त तक संबंधित संस्थान में प्रमाणपत्र एवं फीस आदि जमा कराकर प्रवेश लेना था।

यह अंतिम चरण पूरा होने के बाद अब विश्वविद्यालय ने संस्थानों को सीधे प्रवेश लेने का अंतिम मौका दिया है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि 31 अगस्त तक आयोजित होने वाली संस्थान स्तरीय काउंसलिंग के बाद प्रवेश नहीं लिए जा सकेंगे।

नौ बजे से रजिस्ट्रेशन दोपहर बाद प्रवेश

विवि की ओर से जारी आदेश के अनुसार सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। दोपहर दो बजे सीट अलॉटमेंट होगा। जबकि दो से पांच बजे तक प्रमाणपत्रों का सत्यापन और प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया 27 से 31 अगस्त तक प्रतिदिन जारी रहेगी।